हरिभूमि

मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 24 अगस्त 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

04 17 राज्यों के 33 जिलों में 127 दिन तक चली कार्रवाई...



07 खरवार का कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत...




बाबा बैजनाथ की शाही सवारी आज, यातायात प्रबंधन की तैयारियां पूरी

बाबा बैजनाथ पालकी में सवार होकर प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे

आगर में उमड़ेगा आस्था और विश्वास का जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



श्रावण मास के अंतिम सोमवार को राजाधिराज बाबा बैजनाथ महादेव की भव्य शाही सवारी निकलेगी। इस शाही सवारी में बाबा बैजनाथ पालकी में सवार होकर आगर की प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकलेंगे। शाही सवारी में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना एवं पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन ने जन सुरक्षा, यातायात, पार्किंग और भीड़ नियंत्रण की सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में शाही सवारी को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं । सवारी मार्ग, मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल, डायवर्जन पॉइंट, बैरिकेडिंग और संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। अधिकारियों को श्रद्धालुओं, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बोयत ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि बाबा बैजनाथ की भव्य शाही सवारी में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए मुख्य द्वार से वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। बाबा बैजनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यहां से केवल पैदल श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाएगा। अशक्त,बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांग श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मुख्य द्वार से ऑटो के माध्यम से प्रवेश की व्यवस्था रहेगी।

वाहन पार्किंग व्यवस्था

भव्य शाही सवारी में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पाटीदार हॉस्टल के पास, नवीन अजाक थाना के पास, हेलीपेड पार्किंग, वेयर हाउस पार्किंग, कसाई देहरिया मार्ग स्थित मेला ग्राउंड को प्रमुख पार्किंग स्थल बनाया गया है। सोयत सुसनेर और कोटा रोड की ओर से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहन निपानिया जोड़ से निपानिया पंचायत भवन होते हुए नवीन पार्किंग में वाहन खड़े किए जा सकेंगे। शाजापुर, सारंगपुर और कानड़ की ओर से आने वाले वाहनों के लिए जेल के पीछे और हेलीपेड पार्किंग निर्धारित की गई है। जेल के पीछे ट्रैक्टर, पिकअप, लोडिंग वाहन और बस तथा हेलीपेड पर कार और दोपहिया वाहन पार्क किए जा सकेंगे। उज्जैन, आगर शहर और बड़ौद रोड की ओर से आने वाले वाहनों के लिए पाटीदार हॉस्टल, जेल के पास टर्निंग, साई पॉइंट के सामने तथा औद्योगिक क्षेत्र रोड-1 और रोड-2 से निर्धारित मार्गों के अनुसार यातायात व्यवस्था रहेगी।

छावनी नाका रहेगा नो-व्हीकल जोन

छावनी नाका क्षेत्र और चौराहा नो-व्हीकल जोन रहेगा। यहां वाहन खड़े करना प्रतिबंधित रहेगा। वाहन पार्क करने के लिए नजदीकी मार्ग में निर्धारित पार्किंग का उपयोग किया जा सकेगा। शाही सवारी के मार्ग पर भी किसी प्रकार का वाहन खड़ा करने या पार्किंग करने पर प्रतिबंध रहेगा। हेलीपैड पार्किंग, वेयरहाउस पार्किंग,मेला ग्राउंड पार्किंग को प्रमुख पार्किंग स्थल बनाया गया है। पुरानी कृषि मंडी में भंडारा-प्रसादी से आने वाले श्रद्धालु बस स्टैंड और ईदगाह पार्किंग में वाहन खड़े कर सकेंगे। बड़ौद चौराहे की ओर से आने वाले दोपहिया वाहन थाना कोतवाली परिसर मैदान में पार्क कर सकेंगे।


बड़े वाहनों के लिए डायवर्जन

शाही सवारी के दौरान यातायात की स्थिति के अनुसार बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर उन्हें वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा। कोटा और सुसनेर की ओर जाने वाले वाहनों को तनोड़िया से पिपलोन मार्ग की ओर डायवर्ट किया जाएगा। उज्जैन की ओर जाने वाले वाहनों के लिए आमला से नलखेड़ा और कानड़ मार्ग का उपयोग कराया जाएगा। कानड़ से आगर आने वाले वाहनों को दुपाड़ा-पचलाना जोड़ से आमला की ओर डायवर्ट किया जाएगा। बड़ौद रोड से सुसनेर, झालावाड़, कोटा, नलखेड़ा और कानड़ की ओर जाने वाले वाहनों को झोंटा से बीजानगरी होते हुए सुसनेर रोड-नलखेड़ा वाहनों की ओर भेजा जाएगा। ब्यावना रोड के वाहनों को एमपीईबी के पास से बस स्टैंड की ओर डायवर्ट किया जाएगा। भंडारा स्थल पर अलग प्रवेश व निकास की व्यवस्था रहेगी इससे भीड़ नियंत्रण एवं आवागमन को व्यवस्थित रखने में मदद मिलेगी। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें और शाही सवारी के मार्ग को बाधित न करें। यातायात डायवर्जन और पुलिस द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करें। पुलिस कंट्रोल रूम आगर के लिए हेल्पलाइन नंबर 75876-22800 जारी किया गया है। शाही सवारी के दौरान कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, एवं अन्य सहयोगी जिला अधिकारी,पुलिस अधिकारी और जवान लगातार भ्रमण कर सुरक्षा, यातायात और भीड़ व्यवस्था पर नजर रखेंगे। आवश्यकता अनुसार यातायात व्यवस्था में परिस्थितियों के अनुरूप बदलाव भी किया जा सकेगा

श्रावण मास के पावन अवसर पर परम्परागत रूप से इस वर्ष भी राजाधिराज बाबा श्री बैजनाथ महादेव की भव्य शाही सवारी राजसी ठाट-बाट के साथ निकाली जाएगी। पालकी में सवार होकर बाबा बैजनाथ महादेव नगर भ्रमण पर निकलेंगे और प्रजा का हाल जानेंगे। एसडीएम आगर मिलिंद ढोके ने बताया कि शाही सवारी 24 अगस्त सोमवार को दोपहर 12.30 बजे श्री बैजनाथ महादेव मंदिर, ग्राम बेटखेड़ा से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों कोटा-उज्जैन रोड, छावनी नाका, झण्डा चौक, रातडिया तालाब, नाना बाजार, गोपाल मंदिर, सरकार वाड़ा, हाटपुरा, पुराना हॉस्पिटल चौराहा, माधवगंज होते हुए पुरानी कृषि उपज मण्डी समिति, आगर में आरती उपरांत सम्पन्न होगी। एसडीएम आगर ढोके ने बताया कि आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, भक्तगणों एवं माताओं-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में बजरंग ध्वज, भजन मण्डली, झण्डा मण्डली, ढोल, झाँकियां एवं अखाड़ों के साथ सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

सरपंच-मंत्री ने दिया आश्वासन, जल्द हटाया जाएगा पेड़

शिवगढ़ के मुख्य मार्ग पर गिरा पेड़ अब तक नहीं हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़/शिवगढ़

करीब डेढ़ से दो माह पूर्व तेज हवा के साथ हुई बारिश के दौरान क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली के खंभे और पेड़ गिर गए थे। इसी दौरान ग्राम पंचायत शिवगढ़ के मुख्य मार्ग पर गिरा पेड़ अब तक नहीं हटाया गया है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य मार्ग पर पड़ा यह पेड़ हादसों को न्योता दे रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन ट्रैक्टर, स्कूल मैजिक वाहन, पिकअप सहित दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरते हैं। पेड़ के मार्ग पर गिरा होने के कारण वाहनों को निकलने में काफी परेशानी होती है। रात के समय अंधेरे में पेड़ दिखाई नहीं देने पर दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है। ग्रामीण देवसिंह प्रजापत, भरत ठाकुर, ईश्वर प्रजापति, रफीक खान, रईस खान, हरिनारायण प्रजापत, वैजन कुम्भकार, सुनील गुर्जर, अरविंद शर्मा, शंकरलाल सरपंच, अशोक शर्मा, नंदकिशोर शर्मा पटेल, हरिनारायण शर्मा, लालसिंह मारसाहब ठाकुर, मुना खां, वली मोहम्मद टेंट, मुमताज खां, अयूब खां, मुकेश कुम्भकार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कई सप्ताह से मुख्य मार्ग पर पेड़ गिरा हुआ है। इसके कारण कभी भी हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित जिम्मेदारों से जल्द पेड़ हटाने की मांग की है।

जेसीबी से हटाने का प्रयास रहा असफल

इस संबंध में ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर गिरे पेड़ की सूचना सरपंच-मंत्री को दी थी। सरपंच-मंत्री ने बताया कि पेड़ को जेसीबी की मदद से हटाने का प्रयास किया गया था, लेकिन पेड़ नहीं हट पाया। अब अन्य संसाधन की मदद से पेड़ को हटाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्य मार्ग से गिरे हुए पेड़ को हटाकर आवागमन सुचारू कराया जाएगा।

राष्ट्र सेविका समिति की सदस्यों ने किया पौधरोपण



नलखेड़ा। पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के अंतर्गत महिलाओं की सामाजिक संस्था राष्ट्र सेविका समिति द्वारा शनिवार को गुदरावन मार्ग स्थित श्री जिन कुशल सुरी जिनालय दादावाड़ी परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर समिति की महिला सदस्यों ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया। पौधारोपण कार्यक्रम में समिति की नगर कार्यवाहिका नेहा सकलेचा, नगर पालक चेतना फाफरिया, पर्यावरण संरक्षण अनीता धूपिया, मनीषा ठाकुरिया, ज्योति रांका, विभा खंडेलवाल, नीता बावेल आदि ने उपस्थित होकर पौधारोपण किया।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का प्रवेश उत्सव मनाया

नलखेड़ा। रविवार को स्थानीय सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य रूप से मंचासीन अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मुकेश चौहान, प्राध्यापक डॉ सुखदेव बैरागी, प्राध्यापक डॉ आशीष सांखला, हॉर्टिकल्चर नर्सरी प्रबंधक अरविंद परमार, मांगीलाल कुलश्रेष्ठ, विकासखंड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद प्रकाश चंद शर्मा थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम की भूमिका एवं जन अभियान परिषद परिचय के बारे में विकासखंड समन्वयक प्रकाश चंद शर्मा द्वारा सभी को अवगत कराया गया। डॉ सुखदेव बैरागी द्वारा मध्य प्रदेश में चल रहे मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बारे में समझाया गया साथ ही बताया गया कि यह कोर्स वास्तव में ग्रामीण विकास के लिए मिल का पत्थर है और इसको आप सभी फील्ड वर्क के माध्यम से ग्राम में शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार करें। अरविंद परमार द्वारा हॉर्टिकल्चर, उद्यानिकी आदि के बारे में सूक्ष्म उद्योग की जानकारी दी गई साथ ही युवाओं को स्वरोजगार से आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी गई। मांगीलाल कुलश्रेष्ठ द्वारा ग्रामों में चल रही शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं मुकेश चौहान द्वारा गांव-गांव में कोर्स के माध्यम से नेतृत्व क्षमता विकसित करने, रोजगार, पर्यावरण की सुरक्षा और पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि द्वारा सभी को पुस्तकों का वितरण किया गया और नशा मुक्ति एवं स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता महेश पाटीदार द्वारा किया गया एवं आभार परामर्शदाता बलराम सिंह सिसोदिया द्वारा व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के बाद एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सभी परामर्शदाता स्वैच्छिक संगठन प्रतिनिधि और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

श्री गुप्तेश्वर महादेव से आज निकलने वाली कांवड़ व कलश यात्रा को लेकर नगरवासियों से की अपील



नलखेड़ा। नगर के प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से सोमवार को निकलने वाली कांवड़ व कलश यात्रा को लेकर गुप्तेश्वर कांवड़ यात्रा संघ के सदस्यों के साथ युवाओं तथा जनप्रतिनिधियों ने नगर भ्रमणकर नागरिकों से कलश यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई। गुप्तेश्वर कांवड़ यात्रा संघ द्वारा प्रतिवर्ष निकाले जाने वाली कांवड़ यात्रा आज नगर में निकाली जाएगी। कांवड़ यात्रा श्री तारकेश्वर महादेव ताखला पहुंचकर भोले नाथ का जलाभिषेक करेगी। श्री गुप्तेश्वर कांवड़ यात्रा नगर के समस्त हिन्दू संगठनों के सहयोग से लगातार 5 वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। चौक बाजार स्थित प्राचीन श्री गुप्तेश्वर महादेव मंदिर से आज कावड़ तथा कलश यात्रा प्रारम्भ होगी जो ताखला स्थित श्री तारकेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी जहाँ बाबा श्री तारकेश्वर महादेव का लखुंदर के पवित्र जल से जलाभिषेक किया जाएगा। सोमवार को नगर से निकलने वाली इस कांवड़ एवं कलश यात्रा के लिए जहां प्रतिदिन माइक के माध्यम से नगर में अलाउंस भी करवाया जा रहा है। वहीं रविवार को गुप्तेश्वर कांवड़ यात्रा संघ के सदस्यों के साथ युवाओ तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर भ्रमणकर नागरिकों से कलश यात्रा को सफल बनाने की अपील की गई।



सांसद सेवा केंद्र पर विभिन्न मोर्चों का स्वागत, पदाधिकारियों में दिखा उत्साह

सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत बनाने और प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका निभाएं : सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



सांसद सेवा केन्द्र पर अनुसूचित जाति मोर्चा, महिला मोर्चा एवं नीमच जिला किसान मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए जनसेवा और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

नवीन पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सांसद गुप्ता ने कहा कि आप विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के पद पर रहकर आमजन की सेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है। केन्द्र की मोदी सरकार और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर वर्ग तक पहुंचाने का हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी पूरी ऊर्जा, समर्पण और सकारात्मक सोच के साथ जनता के बीच सक्रिय रहकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इससे पूर्व सांसद गुप्ता ने नीमच किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू नागदा, उपाध्यक्ष कन्हैयालाल चारण, हीरालाल धनगर, नवकृष्ण सुरावत, निर्भयराम राठौर, गुड्डु जाट, जिला महामंत्री प्रेम कुशवाह, सूरजसिंह शक्तावत, जिला मंत्री राजेश पाटीदार, प्रेम सिंह पंवार, विजयसिंह बेस, मुरली शर्मा, निर्भयराम धाकड़, कोषाध्यक्ष भरत जाट, सह कोषाध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, कार्यालय मंत्री गोपाल शर्मा, सह कार्यालय मंत्री कमलेश पाटीदार, मीडिया प्रभारी दुष्यंत पुरोहित, सह मिडिया प्रभारी अजय शर्मा, नवीन जागोलिया, सोशल मिडिया प्रभारी प्रवीण सोनी, सहप्रभारी राहुल नागदा, रोहित कुमावत, मन की बात प्रभारी संग्राम सिंह, मन की बात सहप्रभारी अशोक शर्मा, शासन की योजना प्रमुख सूरज करण गुर्जर, सह प्रमुख राजपाल सिंह चुंडावत, जिला लाभार्थी प्रमुख पुष्पराज सिंह शक्तावत, जिला लाभार्थी सह प्रमुख देवेन्द्र विजय अहीर, प्राकृतिक खेती प्रमुख महिपाल सिंह, जैविक खेती प्रमुख महेश पाटीदार, नीति एवं शोध प्रमुख सत्यनारायण पाटीदार का साफा बांधकर व पुष्पहारो से स्वागत किया।

वहीं अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन अटेला,जिला उपाध्यक्ष कमलेश सिसौदिया, दुर्गा सिसौदिया, प्रवीण बुनकर, मंगलेश बामनिया, रामविलास गोयल, शंभुलाल पटेल, जिला महामंत्री कैलाश मालवीय, तुफान वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष गोकुल प्रताप सिंह गेहलोद, जिला सह कोषाध्यक्ष हरिराम लीमजा, जिला मंत्री अमृतराम परमार, रितिक सोलंकी, प्रकाश कालबेलिया, बालमुंकद मोर्य, छोटु परमार, सुनील मालवीय, राकेश गेहलोद, जिला कार्यालय मंत्री दिलीप आर्य, सह कार्यालय मंत्री अर्जुन माली, जिला मिडिया प्रभारी राम विलास राठौर, सह मिडिया प्रभारी अजय धावरिया, सोशल मिडिया प्रभारी फकीरचंद मालवीय, सह सोशल मिडिया प्रभारी कमलाशंकर महेश सांखला, जिला आईटी प्रभारी मुकेश कुमार सूर्यवंशी, जिला लाभार्थी प्रमुख दिपक जांगडे, सह लाभार्थी प्रमुख महेश परिहार, जिला सामाजिक संपर्क प्रमुख लोकेश जांगड़े, जिला कर्मचारी संपर्क प्रमुख कारूलाल पुष्पाध्याय, सह प्रमुख मोहनलाल सूर्यवंशी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

दरबार का आकस्मिक निधन, दी श्रद्धांजलि



चापड़ा। नगर निवासी स्व. समुंदर सिंह राजपूत के बड़े सुपुत्र, लाखन सिंह व गोपाल सिंह के बड़े भाई, नवीन सिंह के पिता ठाकुर दौलत सिंह का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर राजेश दुग्गड़, डॉ. जे.सी. यादव, मुकेश विश्वकर्मा, सुनील पुरोहित, राजेश सिंह राजपूत सहित अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।

बारिश की कामना को लेकर की बाग रसोई



भौरासा। ग्राम नाना धाराखेड़ी में अच्छी बारिश की कामना को लेकर ग्रामीणों ने अनूठे तरीके से बाग रसोई का आयोजन किया। इस दौरान गांव के सभी लोग अपने-अपने खेतों पर पहुंचे और वहीं भोजन तैयार किया। ग्रामीण सुरेंद्र उर्फ लकी यादव ने बताया कि गांव के लोग सुबह से ही खेतों पर पहुंच गए थे और सामूहिक रूप से भोजन बनाया। विशेष बात यह रही कि इस दिन गांव के किसी भी घर में चूल्हा नहीं जला।

मनकामनेश्वर महादेव दरबार आज सजेगा

देवास। पुराना बस स्टैंड स्थित अत्यंत प्राचीन श्री मनकामनेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास के अंतिम सोमवार के पावन अवसर पर 24 अगस्त को बर्फ की बारह ज्योतिर्लिंग एवं बाबा अमरनाथ बर्फानी की भव्य झांकी का निर्माण किया जाएगा।

ई-जीरो FIR की बड़ी कार्रवाई: डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड का अंतरराज्यीय नेटवर्क बेनकाब

17 राज्यों के 33 जिलों में 127 दिन तक चली कार्रवाई, 54.84 लाख की राशि जब्त

70 पुलिसकर्मियों की 19 टीमों ने तय किया 58 हजार किमी का सफर, 12 साइबर ठग किए गिरफ्तार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मध्यप्रदेश पुलिस की साइबर फ्रॉड के विरुद्ध जारी नवाचारी पहल 'ई-जीरो FIR' के तहत देवास पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 54 लाख 84 हजार 725 रुपए की ठगी की राशि जब्त की गई है। कार्रवाई के लिए देवास पुलिस की 70 पुलिसकर्मियों की 19 टीमों ने लगातार 127 दिनों तक देश के विभिन्न राज्यों में कार्रवाई की। पुलिस टीमों ने राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, दिल्ली सहित कुल 17 राज्यों के 33 जिलों में दबिश दी और आरोपियों तक पहुंचने के लिए करीब 58 हजार 315 किलोमीटर की दूरी तय की।

डिजिटल अरेस्ट के नाम पर की ठगी


पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र के एक निवासी ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 192/2026 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच में सामने आया कि अज्ञात आरोपियों ने फरियादी को फोन और वीडियो कॉल के माध्यम से स्वयं को दूरसंचार विभाग, मुंबई क्राइम ब्रांच और सीबीआई का अधिकारी बताया। आरोपियों ने फरियादी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फंसाने और गिरफ्तारी का भय दिखाया। आरोपियों ने फर्जी जांच प्रक्रिया और वीडियो कॉल के माध्यम से कथित न्यायालय का दृश्य दिखाकर फरियादी से उसकी तथा परिवार की बैंकिंग और निवेश संबंधी जानकारी हासिल की। इसके बाद जांच के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों में राशि जमा और ट्रांसफर कराई गई। इस प्रकार फरियादी से कुल 63.52 लाख रुपए की साइबर ठगी की गई।

आरोपियों तक पहुंची पुलिस

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। जांच के दौरान ठगी की रकम से जुड़े बैंकिंग ट्रांजेक्शन, खाताधारकों, मोबाइल नंबरों, बैंक स्टेटमेंट, बैंक सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों का गहन विश्लेषण किया गया। पुलिस टीम ने ठगी की रकम के ट्रांजेक्शन की एक-एक कड़ी को जोड़ते हुए अलग-अलग राज्यों में संदिग्ध खाताधारकों और आरोपियों की तलाश की। बैंक खातों की विभिन्न लेयर की जांच करते हुए पुलिस टीम साइबर ठगों के अंतरराज्यीय नेटवर्क तक पहुंची। पुलिस ने विभिन्न राज्यों में बैंक शाखाओं, आरोपियों के संभावित ठिकानों और अन्य स्थानों पर स्थानीय पुलिस के सहयोग से दबिश दी। बैंक सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों की गतिविधियों की जानकारी जुटाई गई, जिसके बाद अलग-अलग राज्यों से आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

12 आरोपियों को गिरफ्तार किया

देवास पुलिस ने इस मामले में राजस्थान, आंध्रप्रदेश, उत्तरप्रदेश, गुजरात, पश्चिम बंगाल, बिहार, दिल्ली और कर्नाटक सहित विभिन्न राज्यों से कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल 54,84,725 रुपए की राशि जब्त की गई। कार्रवाई के प्रमुख बिंदुओं में 70 पुलिसकर्मियों की 19 टीमों द्वारा 17 राज्यों के 33 जिलों में कार्रवाई, 127 दिनों तक लगातार विवेचना और दबिश तथा 58,315 किलोमीटर की यात्रा शामिल रही।



कीटनाशक दवाइयों के नकली कारोबार का आरोप

किसानों ने की जांच की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



क्षेत्र के किसानों ने कीटनाशक दवाइयों के विक्रेताओं पर नकली दवाइयां बेचने का आरोप लगाते हुए कृषि विभाग से निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। किसानों का कहना है कि सोयाबीन की फसल में खरपतवार, घास-चारा और इल्ली नियंत्रण के लिए महंगे दामों पर खरीदी जा रही दवाइयों का अपेक्षित असर नहीं हो रहा है। किसानों के अनुसार बाजार में कुछ विक्रेता कथित रूप से नकली अथवा अमानक कीटनाशक दवाइयों का कारोबार कर रहे हैं। दवाइयों का छिड़काव करने के बाद भी सोयाबीन फसल में खरपतवार और कीटों पर प्रभाव नहीं पड़ रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसानों ने आरोप लगाया कि उन्हें बार-बार महंगे दामों पर कीटनाशक खरीदकर छिड़काव करना पड़ रहा है। यह आरोप किसान निर्भय सिंह कराड़ा निवासी आगरी, श्रीराम गुर्जर निवासी जामनेर, अजय गुर्जर, विनोद चावड़ा निवासी अतवास, सुरेश सिंह सेठ निवासी भलाई खुर्द, दिलीप सिंह गुर्जर निवासी बागली तथा मनोज गुर्जर निवासी सतवास सहित अन्य किसानों ने लगाए हैं।किसानों ने कलेक्टर ऋतुराज सिंह से मांग की है कि जिले में कीटनाशक दवाइयों की दुकानों की जांच कराई जाए और बिना लाइसेंस अथवा कथित रूप से नकली दवाइयां बेचने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। इस संबंध में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के जिला अधिकारी ज्ञान सिंह मोहनिया से चर्चा किए जाने पर उन्होंने बताया कि देवास जिले के सभी कृषि विकासखंड अधिकारियों को कीटनाशक दवाइयों की दुकानों की जांच के निर्देश दिए जाएंगे। जांच में अनियमितता पाए जाने अथवा बिना लाइसेंस और नकली दवाइयों की बिक्री की पुष्टि होने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पलासी कन्या आश्रम मामले में विरोध, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



पलासी कन्या आश्रम की व्यवस्थाओं को लेकर एक पत्रकार द्वारा प्रकाशित खबर के बाद मामला नया मोड़ लेता नजर आ रहा है। आश्रम की अधीक्षिका पूजा राठौर द्वारा संबंधित पत्रकार के खिलाफ थाना कांटाफोड़ में शिकायत आवेदन दिए जाने के विरोध में बागली प्रेस क्लब अंचल के करीब 30 पत्रकारों ने एसडीएम एवं एसडीओपी बागली को ज्ञापन सौंपा।

शिकायत में पत्रकार पर बिना अनुमति आश्रम परिसर में प्रवेश कर वीडियो बनाने सहित कई आरोप लगाए गए हैं। पत्रकारों ने इन आरोपों को असत्य बताते हुए इसे खबर प्रकाशित करने के बाद दबाव बनाने का प्रयास बताया है। प्रेस क्लब अंचल ने ज्ञापन के माध्यम से पत्रकार के खिलाफ लगाए गए आरोपों की निष्पक्ष जांच कराने के साथ ही पलासी कन्या आश्रम की व्यवस्थाओं एवं अधीक्षिका की कार्यप्रणाली की भी जांच कराने की मांग की है। पत्रकारों ने मांग की कि जांच में जो भी दोषी पाया जाए, उसके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जाए। पत्रकारों का कहना है कि जनहित के मुद्दों को उठाने वाले पत्रकारों को दबाव या धमकी के माध्यम से रोकने का प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। पुलिस अधिकारियों द्वारा मामले में निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

कर्मचारी सहकारी साख संस्था की बैठक संपन्न



देवास। नगर निगम कर्मचारी सहकारी साख संस्था के अध्यक्ष रणजीतसिंह पंजाबी की अध्यक्षता में संस्था की प्रतिमाह होने वाली मासिक बैठक का आयोजन गत दिनों संस्था कार्यालय पर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। बैठक में संस्था संचालक मण्डल के दो रिक्त पदों पर निर्विरोध निर्वाचित होकर आए नवीन संचालक पद के सदस्य गिरजेश शर्मा एवं मो. ईशाक बैग मिर्जा का संचालक अध्यक्ष एवं संचालक मण्डल सदस्यों द्वारा हारफुल-माला से स्वागत सत्कार कर संस्था की मासिक बैठक का समापन किया गया। बैंठक में संस्था अध्यक्ष रणजीतसिंह पंजाबी, उपाध्यक्ष भुपेन्द्रसिंह परिहार, सदस्य विजयसिंह राठौड़, ताराचन्द चौधरी, गिरजेश शर्मा, मो. ईशाक बैग मिर्जा, हरेन्द्रसिंह ठाकुर, एवं प्रबंधक शेलेन्द्रसिंह ठाकुर, संस्था लिपिक जितेन्द्र चौहान उपस्थित थे।

एनआईओएस आशा सर्टिफिकेशन परीक्षा में 194 आशा कार्यकर्ताओं ने दी परीक्षा



देवास। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान के अंतर्गत आशा सर्टिफिकेशन परीक्षा का आयोजन रविवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, बीएनपी देवास में किया गया। परीक्षा में जिला देवास की 194 आशा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर परीक्षा दी। आशा कार्यकर्ताओं के कौशल, ज्ञान एवं स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित दक्षताओं को प्रमाणित करने के उद्देश्य से आयोजित इस परीक्षा में बड़ी संख्या में आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। इस दौरान ओमप्रकाश मालवीय, जिला कम्युनिटी मोबिलाइजर, स्वास्थ्य विभाग देवास उपस्थित रहे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान कर उनकी कार्यक्षमता को मजबूत किया जा रहा है।एनआईओएस सर्टिफिकेशन परीक्षा आशा कार्यकर्ताओं के ज्ञान एवं अनुभव को औपचारिक रूप से प्रमाणित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

खाद्य सुरक्षा मानकों की अनदेखी, अखबार में परोसी जा रही चाट-पकौड़ी और नाश्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ



क्षेत्र में खाद्य सामग्री को अखबार में लपेटकर और उसी में परोसकर बेचने का सिलसिला जारी है। चाट, समोसे, पकौड़े, नमकीन के साथ पोहा, जलेबी सहित कई खाद्य पदार्थ ग्राहकों को अखबार के कागज में ही दिए जा रहे हैं।

खाद्य पदार्थों के सीधे संपर्क में अखबार की स्याही और अन्य रासायनिक तत्व आने की आशंका के बावजूद इसका खुलेआम उपयोग हो रहा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण इस संबंध में पहले ही चेतावनी जारी कर चुका है। प्राधिकरण ने खाद्य पदार्थों को अखबार में पैक करने, परोसने या रखने की प्रथा को असुरक्षित बताया है। अखबार की छपाई वाली स्याही में मौजूद कुछ रासायनिक तत्व खाद्य पदार्थों में पहुंचकर स्वास्थ्य के लिए जोखिम पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा पुराने अखबारों के माध्यम से सूक्ष्मजीवों से खाद्य पदार्थों के दूषित होने की आशंका भी बनी रहती है।खाद्य सुरक्षा के नाम पर चुनिंदा दुकानों की जांच कर कार्रवाई की औपचारिकता पूरी करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। विभाग को सोनकच्छ क्षेत्र के बाजार में नियमित निरीक्षण कराना चाहिए।

मामले को लेकर मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह ठाकुर से उनका पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होने के कारण विभाग का आधिकारिक पक्ष सामने नहीं आ सका।

ग्रामीण के तत्वावधान में निकली कांवड़ यात्रा



भौरासा। सावन माह में भगवान शिव की भक्ति और आराधना के बीच रविवार को झरनेश्वर महादेव मंदिर कन्हैरिया से मनकामनेश्वर महादेव मंदिर कुलाला तक विशाल कांवड़ एवं कलश यात्रा निकाली गई। तेज यादव मित्र मंडल व ग्रामवासियों के सहयोग से लगातार पांचवें वर्ष संस्था नमो नमो ग्रामीण के तत्वावधान में आयोजित इस यात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चों ने भाग लिया।यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथियों भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, शैलेंद्र सिंह पंवार, दौलत यादव, सुमेर सिंह यादव एडवोकेट, करण सिंह यादव, कैलाश यादव एवं चेतन यादव सहित अन्य अतिथियों ने कांवड़ और कलश का पूजन कर किया।कांवड़ एवं कलश यात्रा के संरक्षक दौलत यादव सेठ, आयोजक तेज यादव सरपंच एवं संयोजक मयंक जोशी का यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा और पुष्पहारों से स्वागत किया गया। झरनेश्वर मंदिर परिसर में भाजपा नेता राकेश सिंधल ने यात्रा का स्वागत किया। वहीं ग्राम बुधासा में पार्षद प्रतिनिधि रोहित जायसवाल द्वारा शिवभक्तों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था कर स्वागत किया।

पूर्व मंत्री वर्मा ने किया भौरासा क्षेत्र का दौरा, शोकाकुल परिवारों से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने शनिवार को भौरासा क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की तथा शोकाकुल परिवारों के बीच पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। भौरासा नगर में उन्होंने स्व. कमल किशोर वर्मा के छोटे भाई दिलीप वर्मा के निधन पर उनके निवास पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और शोक संवेदना व्यक्त की।

इसके बाद पूर्व मंत्री वर्मा ने नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात कर चर्चा की।इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, पार्षद अबरार गांधी, संदीप चावड़ा, अफजल मंसूरी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, दिलीप यादव, रमेशचंद गुर्जर, अर्जुन सेंधव राजोदा, कालू सिंह गुर्जर, मनोहर यादव, अर्जुन गुर्जर, लखन पटेल, सचिन सेंधव, सुरेंद्र यादव, जितेंद्र, रमेशचंद ईनानी, बसंत चावड़ा, महेश जायसवाल, चांद साहब, सोहेल चिश्ती, नूरू बेग, भुरू ठेकेदार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ओम महाशक्ति ग्रुप के सेवा कार्य निरंतर जारी

सावन के अंतिम सोमवार पर सजेगी भव्य झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



नगर बागली में सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से जनसेवा का कार्य निरंतर जारी है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे के नेतृत्व में संचालित 'ओम महाशक्ति ग्रुप' द्वारा नगर में लगातार विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों का संचालन किया जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों में धार्मिक और सांस्कृतिक उत्साह बना हुआ है। ग्रुप के माध्यम से प्रतिवर्ष सावन मास में विशेष धार्मिक आयोजन किए जाते हैं।

सावन के अंतिम सोमवार के अवसर पर इस वर्ष भी एक भव्य एवं आकर्षक झांकी सजाई जाएगी। झांकी को नगर के विभिन्न मार्गों से जुलूस के रूप में निकाला जाएगा, जिसके दर्शन के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।इसके साथ ही ओम महाशक्ति ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष हजारों शिवभक्तों के साथ विशाल कांवड़ यात्रा का सफल आयोजन किया जाता है। वहीं, नगर पंचायत उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे के प्रयासों से नगर की माताओं और बहनों के लिए समय-समय पर निःशुल्क एवं सुलभ धार्मिक तथा तीर्थ यात्राओं का आयोजन भी किया जाता रहा है। नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्रुप द्वारा भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें नन्हीं बालिकाएं अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां देती हैं।

आकर्षक रोशनी और सुसज्जित पंडाल में आयोजित इस पारिवारिक कार्यक्रम में नगरवासियों, युवाओं और महिलाओं की विशेष सहभागिता रहती है।नगर पंचायत उपाध्यक्ष आरती विपिन शिवहरे ने कहा कि नगर की जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी और स्नेह दिया है, उसे निभाते हुए उनका प्रयास हमेशा यही रहा है कि जनसेवा और धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यों में कोई कमी न आए।उन्होंने कहा कि ओम महाशक्ति ग्रुप के माध्यम से पिछले कई वर्षों से आयोजित की जा रही कांवड़ यात्रा, भव्य झांकी, निःशुल्क तीर्थ यात्रा और गरबा महोत्सव जैसे आयोजन केवल ग्रुप के नहीं, बल्कि पूरे नगरवासियों के अपने आयोजन बन चुके हैं। जनता के विश्वास और सहयोग से आगे भी नगर के विकास एवं सेवा कार्यों को पूरी निष्ठा के साथ जारी रखा जाएगा।

अमृत 2.0 परियोजना की समीक्षा कर आयुक्त ने तय की कार्यों की समयसीमा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमृत 2.0 योजना के तहत शहर के 45 वार्डों में बिछाई जा रही डिस्ट्रीब्यूशन वॉटर पाइपलाइन सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति को लेकर निगमायुक्त दलीप कुमार ने समीक्षा बैठक की। बैठक में ठेकेदार बैंकों कंस्ट्रक्शन कंपनी, शाह टेक्निकल कंसल्टेंट कंपनी के प्रतिनिधियों तथा निगम के इंजीनियरों से कार्यों की जानकारी ली गई। आयुक्त ने रॉ वॉटर एवं क्लियर वॉटर पंपिंग पाइपलाइन, डिस्ट्रीब्यूशन लाइन, पाइप जॉइंट, पीएलसी-स्काडा, इंटेक और डब्ल्यूटीपी सहित अन्य कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। आयुक्त ने पाइपलाइन बिछाने, टेस्टिंग, कमिशनिंग, फ्लशिंग, वितरण नेटवर्क और वाल्व लगाने जैसे कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों के अनुसार पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओएचटी, हाउस सर्विस कनेक्शन, पीएलसी-स्काडा, इंटेक सहित शेष सिविल कार्य 30 अगस्त तक तथा डब्ल्यूटीपी का कार्य 31 दिसंबर तक पूर्ण किया जाए। आयुक्त ने पीडीएमसी, सहायक यंत्रियों एवं उपयंत्रियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्यपालन यंत्री को प्रगति पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

वरिष्ठ नागरिक के केसीसी खाते से 1.5 लाख की निकासी

ललितपुर। सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक की मुख्य शाखा में एक वरिष्ठ नागरिक के किसान क्रेडिट कार्ड खाते से कथित रूप से 1.05 लाख रुपये की अनधिकृत निकासी किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम निवाहो निवासी सीताराम पुत्र स्व.नंदकिशोर ने थाना दिवस कोतवाली में प्रार्थना-पत्र देकर बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक समेत अन्य कर्मचारियों पर मिलीभगत कर धनराशि निकालने का आरोप लगाया है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। शिकायतकर्ता के अनुसार, उनका केसीसी खाता और बचत खाता सर्व यू.पी. ग्रामीण बैंक की मुख्य शाखा ललितपुर में संचालित है। उन्होंने 23 मार्च 2026 को अपने केसीसी खाते में 2,20,500 रुपये जमा किए थे। आरोप है कि इसी दौरान तत्कालीन शाखा प्रबंधक ने फसल बीमा एवं अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने की बात कहकर उनसे निकासी वाउचर और अन्य प्रपत्रों पर हस्ताक्षर करा लिए। सीताराम का आरोप है कि 25 मार्च 2026 को बैंक कर्मियों की कथित मिलीभगत से उनके केसीसी खाते से 1,05,000 रुपये निकाल लिए गए। उनका कहना है कि यह धनराशि न तो उनकी जानकारी में निकाली गई और न ही उनके बचत खाते में जमा की गई। कुछ समय बाद जब उन्होंने बैंक पहुंचकर अपने खाते का विवरण प्राप्त किया तो उन्हें कथित अनधिकृत लेन-देन की जानकारी हुई। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि मामले की जानकारी होने के बाद जब उन्होंने बैंक कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगा और खाते का स्टेटमेंट मांगा तो उनके साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संदिग्ध लेन-देन वाले स्थान पर काले रंग की लाइन खींचकर उसे छिपाने का प्रयास किया गया। वरिष्ठ नागरिक ने पुलिस प्रशासन से मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की है। उन्होंने 23 और 25 मार्च 2026 की बैंक शाखा की सीसीटीवी फुटेज, बैंक सर्वर लॉग, डिजिटल रिकॉर्ड, निकासी वाउचर तथा मूल दस्तावेज सुरक्षित कराए जाने की मांग की है, ताकि कथित लेन-देन की वास्तविकता सामने आ सके। साथ ही उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पाए जाने वाले बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और 1.05 लाख रुपये की धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस जांच के बाद ही आरोपों की वास्तविकता स्पष्ट हो सकेगी।

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ मंडी चौकी पुलिस की कार्रवाई

ओडिशा से ललितपुर तक नेटवर्क, 8, 24 किग्रा गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मोटरसाइकिल, दो मोबाइल, ट्रेन टिकट और 19,100 रुपए नकद बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



थाना कोतवाली पुलिस और मंडी चौकी पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो कथित गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से कुल 8.24 किलोग्राम अवैध गांजा, तस्करी में प्रयुक्त मोटर साइकिल, दो मोबाइल फोन, रेलवे टिकट एवं पेनल्टी स्लिप तथा गांजे की बिक्री से प्राप्त बताए गए 19,100 रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में गांजे की खेप का कनेक्शन ओडिशा से सामने आया है।

पुलिस के मुताबिक, 22 अगस्त 2026 की रात करीब 9.25 बजे मंडी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक ललित उज्जवल पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि आरएमबी कॉलोनी के पास एक व्यक्ति लाल रंग के बैग में गांजा लेकर अपने साथियों के साथ बिक्री के लिए आया है। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने गल्ला मंडी के पीछे नहर की पटरी के कच्चे रास्ते पर दबिश दी। वहां दो युवक मोटरसाइकिल के पास बैग लेकर खड़े दिखाई दिए। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

पुलिस की नियमानुसार तलाशी में अंकुर तिवारी के कब्जे से लाल रंग के सफर लिखे अटैची बैग में चार पैकेटों में कुल 5.058 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। वहीं दूसरे आरोपी कैलाश साहू के कब्जे से जामुनी रंग के अल्फा लिखे प्लास्टिक अटैची बैग में तीन पैकेटों में 3.182 किलोग्राम गांजा मिला। इस प्रकार दोनों के कब्जे से कुल 8.24 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसके अलावा कैलाश साहू के पास से गांजे की बिक्री के बताए गए 19,100 रुपये, दो मोबाइल फोन, रेलवे पेनल्टी स्लिप तथा ओडिशा से ललितपुर आने का ट्रेन टिकट भी बरामद किया गया।

पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया। पूछताछ में कैलाश साहू ने बताया कि वह ओडिशा से ट्रेन के माध्यम से गांजा लेकर ललितपुर आया था और इसे अंकुर तिवारी को बेचने के लिए लाया था। वहीं, अंकुर तिवारी ने कथित तौर पर बताया कि वह पहले भी कैलाश साहू के माध्यम से ओडिशा से गांजा मंगवाकर ललितपुर क्षेत्र में घूम-घूमकर बेचता रहा है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से जुड़े अन्य लोगों और मादक पदार्थ की आपूर्ति के नेटवर्क के संबंध में भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मनीष कुमार शुक्ला को सौंपी गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

खेत से सोलर इन्वर्टर, वीएफडी और स्प्रेयर मशीन चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने चोरी के एक मामले में वांछित चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किया गया सोलर इन्वर्टर, वीएफडी सोलर और दवा छिड़काव करने वाली स्प्रेयर मशीन बरामद की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह और क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के मुकदमे में वांछित दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मैलवाराखुर्द निवासी बबलू अहिरवार पुत्र पारीक्षित अहिरवार, शाहिद पुत्र मोहम्मद खान के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक ग्राम रजवारा निवासी अजय कुमार तिवारी पुत्र रामप्रकाश ने 23 जुलाई 2026 को कोतवाली पुलिस को सूचना दी थी कि नामजद व्यक्तियों द्वारा उनके खेत से एक सोलर इन्वर्टर, एक वीएफडी सोलर और एक दवा छिड़काव करने वाली स्प्रेयर मशीन चोरी कर ली गई है। शिकायत के आधार पर कोतवाली ललितपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना और आरोपियों की तलाश के लिए गठित पुलिस टीम ने रविवार, 23 अगस्त 2026 को मुकदमे में वांछित बबलू अहिरवार और शाहिद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया। इस संबंध में कोतवाली ललितपुर में अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।

कैशलेस चिकित्सा कार्ड मिला

रसोइयों का मानदेय बढ़कर तीन हजार रुपए मिला



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित रसोइया सम्मान समारोह के सजीव प्रसारण के क्रम में रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित कल्याण सिंह सभागार में जनपद स्तरीय रसोइया सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों से आईं 21 रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल रहे। विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन रहे। इस दौरान सीडीओ शेषनाथ चौहान तथा डीआईओएस ओमप्रकाश की भी उपस्थिति रही। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके बाद कंपोजिट विद्यालय बुढ़वार की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत तथा पर्यावरण संरक्षण पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अतिथियों ने छात्राओं की प्रस्तुति की सराहना की। मुख्य अतिथि ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा रसोइयों के मानदेय में वृद्धि करते हुए इसे 2 हजार से बढ़ाकर 3 हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। इसके साथ ही रसोइयों के वस्त्र-परिधान के लिए 1 हजार रुपये की सहायता तथा 5 लाख तक के कैशलेस चिकित्सा उपचार की सुविधा के लिए कार्ड उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार रसोइयों के सम्मान एवं कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि रसोइयाएं विद्यालयों में बच्चों के लिए भोजन तैयार करने के साथ महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रही हैं। मुख्यमंत्री द्वारा उनका मानदेय बढ़ाने के साथ सम्मान भी बढ़ाया गया है। उन्होंने बताया कि रसोइयों के लिए 2 लाख तक के दुर्घटना बीमा की घोषणा भी सराहनीय कदम है। कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों से आईं 21 रसोइयों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक और कैशलेस चिकित्सा कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में बीएसए रत्नेश कुमार ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं रसोइयों का आभार व्यक्त किया। समारोह का संचालन अध्यापिका अभिलाषा चौधरी एवं निओमी लाल ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान सदर विधायक प्रतिनिधि श्रीकान्त कुशवाहा एवं शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी भी मौजूद रहे।

त्योहारों के मौसम में चीनी और खाद्य तेलों के बढ़ते दामों ने बढ़ाई परेशानी

चीनी की लगातार बढ़ती कीमतों से जनता में रोष, ई सरकार कौ देखो खेल, खा गई शक्कर, पी गई तेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

बुंदेलखंड विकास सेना की एक आवश्यक बैठक रविवार को स्थानीय कंपनी बाग में बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में चीनी एवं खाद्य तेलों की लगातार बढ़ती कीमतों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए केन्द्र सरकार की नीतियों के प्रति रोष प्रकट किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड विकास सेना प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने कहा कि त्योहारों के मौसम में आवश्यक खाद्य वस्तुओं, विशेषकर चीनी और खाद्य तेलों के दामों में लगातार हो रही वृद्धि ने आम जनता की आर्थिक परेशानियां बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि महंगाई का सीधा असर गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई पर पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार की नीतियों और गन्ने से एथेनॉल उत्पादन को बढ़ावा देने के कारण चीनी की उपलब्धता एवं कीमतों पर दबाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि एथेनॉल और चीनी दोनों ही गन्ने से बनते हैं, इसलिए सरकार को ऐसी नीतियां बनानी चाहिए जिससे एथेनॉल उत्पादन के साथ-साथ घरेलू बाजार में चीनी की पर्याप्त उपलब्धता और कीमतों पर भी नियंत्रण बना रहे। बुंदेलखंड विकास सेना ने केन्द्र सरकार से मांग की है कि चीनी एवं खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतों पर तत्काल प्रभाव से अंकुश लगाया जाए तथा त्योहारों के मौसम में आम जनता को राहत देने के लिए आवश्यक वस्तुओं की कीमतों को नियंत्रित करने के ठोस कदम उठाए जाएं। सेना ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए तो बुंदेलखंड विकास सेना जनता के हित में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। राजमल जैन, फहीम शबनम , कदीर खान ,राजकुमार कुशवाहा ,लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा , अमरसिंह बुंदेला , मगन सोनी , संजू राजा , परमानंद विश्कर्मा , नंदराम कुशवाहा , मुन्ना लाल त्यागी , गफूर खां , प्रदीप साहू , कामता भट्ट , पहाड़ सिंह, अमित जैन , हरगोविन्द , संजय चौहान , रामप्रकाश झा , जगदीश झा , हरगोविंद विश्वकर्मा , शिवम पटेल , भइयन कुशवाहा , जमना प्रसाद , कृष्ण राजपूत आदि उपस्थित रहे ।

बसपा की सेक्टर व बूथ स्तर की समीक्षा बैठक हुई, 2027 की तैयारियों पर मंथन

खरवार का कार्यकर्ताओं से संगठन मजबूत करने का आह्वान

आमिर, अरबाज और फरान खान ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता



ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में शनिवार को बसपा जिला कार्यालय पर जिला कमेटी सहित ललितपुर एवं महरौनी विधानसभा कमेटियों की सेक्टर और पोलिंग बूथ स्तर की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर पर तैयारियों और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से सक्रियता बढ़ाने का आह्वान किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि घनश्यामचंद्र खरवार, पूर्व सांसद राज्यसभा/लोकसभा एवं बुंदेलखंड प्रभारी रहे। उनके साथ लालाराम अहिरवार, बुंदेलखंड प्रभारी, रामबाबू चिरगइयां एवं मानवेंद्र सिंह पटेल, मुख्य मंडल प्रभारी झांसी मंडल मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथियों में रविकांत मौर्या, दीपक अहिरवार और रामसिंह कुशवाहा, मंडल प्रभारी झांसी मंडल शामिल रहे। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि घनश्यामचंद्र खरवार ने कार्यकर्ताओं को बसपा प्रमुख मायावती के निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बसपा कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ संगठन को मजबूत करने के लिए काम करना होगा। उन्होंने मायावती के पूर्व मुख्यमंत्रित्व काल की सरकारों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, ग्रामीण विकास और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने की बात कही। खरवार ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बेहतर कानून व्यवस्था के मुद्दों को लेकर कार्यकर्ताओं को जनता के बीच जाना चाहिए। बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के संकल्प का समर्थन किया। बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं से आर्थिक सहयोग करने का आह्वान भी किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बसपा अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों के सहयोग से संगठनात्मक गतिविधियां संचालित करती है। कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आर्थिक सहयोग करने का वचन लिया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद खां एडवोकेट, जिला महासचिव छोटेलाल प्रजापति, जिला सचिव संजय चौधरी, जिला कार्यकारिणी सदस्य कल्याण पटेल, जिला खजांची एडवोकेट निधि सिंह, जिला संयोजक बीवीएफ राघवेंद्र सिंह गौतम सहित विधानसभा प्रभारी केहर सिंह गौतम, धर्मेंद्र अहिरवार, देवेंद्र मैनवार, तन्सु राम नयागांव, प्रेम नारायण पाल एडवोकेट, बृजेश अहिरवार, राम बगस विधानसभा अध्यक्ष महरौनी आदि मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अहिरवार ने कहा

सर्पदंश पर झाड़-फूंक में समय न गंवाएं, तुरंत अस्पताल पहुंचें



ललितपुर। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों सर्पदंश के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वर्तमान में प्रतिदिन लगभग तीन से चार सर्पदंश से पीड़ित मरीज अस्पताल की ओपीडी एवं इमरजेंसी में उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का जागरुक होना अत्यंत आवश्यक है। सर्पदंश की स्थिति में समय पर अस्पताल पहुंचना जीवन बचाने में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। सांप के काटने के बाद झाड़-फूंक, तंत्र-मंत्र, जड़ी-बूटी या अन्य पारंपरिक उपचार में समय गंवाना जानलेवा साबित हो सकता है।

सांप काटने पर क्या करें?

घबराएं नहीं और मरीज को शांत रखें। काटे गए अंग को कम से कम हिलाएं-डुलाएं। मरीज को जल्द से जल्द निकटतम सरकारी अस्पताल/स्वास्थ्य केंद्र की इमरजेंसी में लेकर जाएं। यदि संभव हो तो सुरक्षित दूरी से सांप की पहचान/फोटो लेने का प्रयास किया जा सकता है, लेकिन सांप को पकड़ने या मारने का प्रयास बिल्कुल न करें। चिकित्सकीय सलाह के बिना कोई दवा या घरेलू उपचार न करें।

क्या बिल्कुल न करें? झाड़-फूंक या तंत्र-मंत्र में समय न गंवाएं। घाव को काटकर खून निकालने का प्रयास न करें। घाव पर कसकर रस्सी/पट्टा न बांधें। मिट्टी, राख, जड़ी-बूटी या अन्य पदार्थ घाव पर न लगाएं। मरीज को शराब या अन्य नशीली चीजें न दें। सर्पदंश का इलाज संभव है। सही समय पर अस्पताल पहुंचने पर उपचार और एंटी स्नेक वेनम (ए एस वी) देकर मरीज की जान बचाई जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से लोगों से अपील है कि सर्पदंश को अंधविश्वास या झाड़-फूंक का विषय न बनाएं, मेडिकल इमरजेंसी समझें। झाड़-फूंक में समय न गंवाएं, सर्पदंश के बाद तुरंत अस्पताल जाएं।

पंजाब मेल से मुंबई भागने की फिराक में किशोरी युवक के साथ ललितपुर स्टेशन पर पकड़ाई

ललितपुर। मिर्जापुर जिले के थाना चुनार क्षेत्र के एक गांव से घर से बिना बताए लापता हुई 15 वर्षीय किशोरी को आरपीएफ की सतर्कता से ललितपुर रेलवे स्टेशन पर बरामद कर लिया गया। किशोरी के साथ मौजूद एक युवक को भी पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों पंजाब मेल एक्सप्रेस से मुंबई जाने की फिराक में थे। मिली जानकारी के अनुसार किशोरी के घर से अचानक चले जाने के बाद परिजनों ने थाना चुनार में सूचना दी थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए किशोरी की तलाश शुरू कर दी। तलाश के दौरान जानकारी सामने आई कि चंद्रभान यादव नामक युवक किशोरी को अपने साथ लेकर ट्रेन से मुंबई की ओर जा रहा है। इसी बीच आरपीएफ को मामले की जानकारी मिली। सतर्कता बरतते हुए आरपीएफ ने पंजाब मेल एक्सप्रेस में निगरानी बढ़ाई और ट्रेन के ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर किशोरी और युवक को पकड़ लिया। किशोरी को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। किशोरी के ललितपुर में बरामद होने की सूचना उसके परिजनों को दे दी गई है। सूचना मिलने के बाद परिजन ललितपुर के लिए रवाना हो गए। पुलिस द्वारा किशोरी की बरामदगी के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। बताया गया कि मामला थाना चुनार क्षेत्र से जुड़ा होने के कारण आगे की कानूनी कार्रवाई संबंधित पुलिस द्वारा की जाएगी। किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में पकड़े गए युवक से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। नाबालिग के लापता होने के मामले में पुलिस की सक्रियता और आरपीएफ की मुस्तैदी से किशोरी को ललितपुर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षित बरामद कर लिया गया। घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्कता बरती गई।

मेडिकल कॉलेज में वरिष्ठ फार्मासिस्ट का सफल इलाज

कार्डियक अरेस्ट में आपातकालीन इलाज किया



ललितपुर। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, में वरिष्ठ फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत 58 वर्षीय संजय साहू को गंभीर बेहोशी की अवस्था में ललितपुर लाया गया। प्रारंभिक जांच एवं चिकित्सकीय मूल्यांकन में मरीज को कार्डियक अरेस्ट के साथ गंभीर स्ट्रोक की स्थिति की पुष्टि हुई।

मरीज की अत्यंत गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकीय टीम द्वारा तत्काल कार्डियोपल्मोनरी रीससिटेशन एवं आवश्यक आपातकालीन उपचार प्रारंभ किया गया। स्ट्रोक में रक्त के थक्के को घोलने के उद्देश्य से मरीज की स्थिति एवं निर्धारित चिकित्सकीय मानकों के अनुसार थ्रोम्बोलाइटिक उपचार विशेषज्ञ निगरानी में दिया गया। चिकित्सकीय टीम के अथक प्रयासों से मरीज में सफलतापूर्वक कार्डियक रीससिटेशन किया गया। स्थिति को देखते हुए आगे के विशेषज्ञ उपचार एवं निगरानी के लिए मरीज को कार्डियोलॉजिस्ट के पास रेफर किया गया। इस सफल आपातकालीन उपचार में डॉ. यासुब रिजवान एवं नर्सिंग ऑफिसर श्री पवन सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

टीम की तत्परता, आपसी समन्वय एवं समय पर किए गए जीवनरक्षक प्रयासों से मरीज को तत्काल आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध कराई जा सकी। प्राचार्य डॉ. मयंक शुक्ला के प्रयासों का परिणाम है कि ललितपुर में अब तक 37 मरीजों को इस जीवनरक्षक थ्रोम्बोलाइटिक उपचार की सुविधा सफलतापूर्वक प्रदान की जा चुकी है। समय रहते स्ट्रोक के मरीज की सही पहचान कर, उपयुक्त मरीज में निर्धारित समय-सीमा के भीतर यह उपचार उपलब्ध कराया जाए तो मरीज के बेहतर परिणाम एवं जीवन बचने की संभावना में महत्वपूर्ण सुधार हो सकता है।

गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गो संरक्षण को लेकर किए जा रहे प्रयासों के क्रम में एक और महत्वपूर्ण पहल की है। वर्ष 2018 में प्रदेश में सरकार बनने के बाद पहली गोशाला की शुरुआत जनपद से हुई थी, वहीं अब गोशालाओं को पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ एक नई पहल का शुभारंभ भी ललितपुर से किया गया है बांसी क्षेत्र के ग्राम भौरसिल स्थित लखनपुरा वृहद गो संरक्षण केंद्र में गो संरक्षण सेवा समिति, ललितपुर के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय भव्य गो कथा का शुक्रवार को समापन हुआ। 20 से 22 अगस्त तक आयोजित कार्यक्रम में कथा व्यास मुकेश आनंद महाराज ने गो कथा का रसपान कराया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे। समापन अवसर पर गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ गोबर से कोयला निर्माण संयंत्र की स्थापना तथा गोबर से दीपक, गमले एवं लट्ठे निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही गो-आधारित प्राकृतिक खेती, बायोगैस, पंचगव्य उत्पाद और वर्षभर हरा चारा उत्पादन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में प्रशिक्षण एवं कार्ययोजना शुरू की गई।

कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी, श्रम एवं सेवायोजन राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. हरिश्चंद्र रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, सदर विधायक राम रतन कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक संजीव बाजपेई, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. भगवान सिंह,जिला महामंत्री हरिराम राजपूत, गौरव गौतम रजनी अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष रुचिका सिंह बुंदेला जिला महामंत्री भारतीय जनता युवा देवेंद्र सिंह राजपूत बरौदिया आशीष हुण्डैत सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि गो संरक्षण को केवल सेवा तक सीमित न रखते हुए गौशालाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। गोबर से उपयोगी उत्पाद तैयार कर गोशालाओं के लिए आय के स्थायी स्रोत विकसित किए जाएंगे।

जयकारों से गूंजा शहर, जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया स्वागत

भोले की भक्ति में सराबोर हुआ चौबयाना, निकाली भव्य जल यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



सावन की भक्ति और आस्था से ओतप्रोत रविवार को चौबयाना मोहल्ला शिवभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। श्री बांकेबिहारी मंदिर, स्कूल नंबर-1 के पास से श्रद्धालुओं ने भव्य जल यात्रा निकाली। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते और भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। जल यात्रा का शुभारंभ जिला सहकारी बैंक के उपसभापति श्रीकांत कुशवाहा ने किया। चौबयाना स्कूल नंबर-1 से शुरू हुई जल यात्रा श्री रघुनाथजी बड़ा मंदिर, पीली कोठी और खिरकापुरा होते हुए पुराना रजवारा रोड स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई दिया। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। जल यात्रा के पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचने के बाद मुख्य यजमान बेबी राजा धर्मेंद्र सिंह परमार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक किया। प्रशांत मालवीय, शिवाजी मालवीय एवं पवन महाराज ने पूजन एवं अभिषेक की धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराईं। इसके बाद मंदिर परिसर में हवन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। हवन के उपरांत भगवान शिव की आरती की गई। इसके बाद आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। जल यात्रा से लेकर पूजन, हवन और भंडारे तक पूरे आयोजन में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन के दौरान चौबयाना सहित आसपास का क्षेत्र पूरी तरह शिवमय नजर आया। आयोजन में सांसद कार्यालय प्रभारी दिनेश गोस्वामी, डॉ. दीपक चौबे, रामजी मालवीय मुन्ना महाराज, राजेंद्र गुरु मालवीय, आलोक गोस्वामी राजू, राजेश रावत, दीपक देवलिया, नितिन पाराशर, पंकज पाराशर, राकेश त्रिवेदी, उमेश गोस्वामी, रामदास श्रोतीय, आनंद मालवीय, पार्षद धर्मवीर कुशवाहा, नरेश शुक्ला, बब्बू राजा, रोशन कुशवाहा, आदर्श मालवीय, विद्या मालवीय, आशीष चौबे, अनुराग कंचन, प्रमोद नागल, दिवाकर मालवीय, श्रीकांत मालवीय, सुनीत मालवीय, पुनीत मालवीय और अजय गोस्वामी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए गायत्री परिवार का संपर्क अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नरसिंहगढ़

विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व विकास की भावना विकसित करने के उद्देश्य से अखिल विश्व गायत्री परिवार, हरिद्वार के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के लिए स्थानीय गायत्री परिवार द्वारा संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। आगामी 3 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा में अधिक से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए गायत्री परिवार के सदस्यों ने नगर के विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में संपर्क कर परीक्षा संबंधी जानकारी और सामग्री वितरित की। अभियान के दौरान शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हिंद कन्वेंट, शैफील्ड, प्रज्ञा सागर, विक्रमादित्य एकेडमी सहित करीब 15 विद्यालयों से संपर्क किया गया। गायत्री परिवार के अनुसार परीक्षा में नामांकित विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए पुस्तक उपलब्ध कराई जाएगी तथा प्रत्येक परीक्षार्थी को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विभिन्न स्तरों पर पुरस्कृत भी किया जाएगा। यह परीक्षा पिछले करीब 15 वर्षों से कक्षा पांचवीं से कॉलेज स्तर तक आयोजित की जा रही है। संपर्क अभियान में भूपेंद्र मिश्रा, अमर सिंह बीकावत, मोहन सिंह परमार, ओपी गुप्ता, प्रह्लाद शर्मा, पवन वैष्णव, पंडित लक्ष्मीनारायण शर्मा सहित गायत्री परिवार के सदस्य शामिल रहे।

द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने सुनाया फैसला

बेटी से दुष्कर्म के दोषी पिता को अंतिम सांस तक जेल की सजा



2023 में बोड़ा थाना क्षेत्र के तहत घटित हुई थी अमानवीय घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। करीब चार साल पहले जिले के बोड़ा थानाक्षेत्र में अपनी मासूम बेटी से दुराचार करने वाले उसके पिता को शेष प्राकृत जीवनकाल (अंतिम सांस तक जेल) में रहने की सजा सुनाई गई है। इसके साथ ही आरोपी पिता पर अर्थदंड भी अधिरोपित किया गया है।

मां गई थी मायके, इधर पिता ने की अमानवीयता

लोक अभियोजन के अनुसार 4 मार्च 2023 को कक्षा छटवीं में पढ़ने वाली नाबालिग पीड़िता की मां अपने मायके गई हुई थी। घर में नाबालिग और उसका पिता अकेले थे। रात्रि में सोते समय कलयुगी पिता ने मासूम के साथ जबरन दुष्कर्म को अंजाम दिया। डरी-सहमी बालिका किसी को कुछ नहीं बता पाई। आरोपी पिता ने धमकी दी कि किसी को यह बात बताई तो वो उसे कुल्हाड़ी से काट देगा। पीड़िता की मां जब भी अपने मायके या कहीं बाहर जाती तो आरोपी पिता अपनी बेटी के साथ दुराचार को अंजाम देता। दो सालों तक यह अमानवीयता चलती रही और इस दौरान आरोपी ने 4 बार दुष्कर्म किया।

पीड़िता ने किसी तरह मां को बताई बात

नाबालिग पीड़िता जब त्रस्त हो गई तो उसने हिम्मत करते हुए यह बात अपनी मां को बताई। मां यह सुनकर हतप्रद हो गई। उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि उसके पति ने अपनी बेटी के साथ ऐसा कृत्य किया है। बाद में मां अपनी बेटी को लेकर बोड़ा थाने पहुंची और पूरी आपबीती बताई। बोड़ा पुलिस ने मामले की नजाकत और गंभीरता को देखते हुए त्वरित रूप से आरोपी पर अपराध कायम किया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया एवं चालान माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।

मेडीकल साक्ष्यों पीड़िता के कथनों के आधार पर फैसला

मामले में विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष द्वारा पीड़िता के कथन, गवाहों, मेडीकल साक्ष्यों को न्यायालय के समक्ष प्रभावी तरीके से रखा। तमाम सबूतों, साक्ष्यों, गवाहों के आधार पर न्यायालय ने दोष सिद्ध पाया। न्यायालय ने आरोपी को शेष प्राकृत जीवन काल(अंतिम सांस तक जेल) में रहने की सजा से दंडित किया। उपरोक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी संजय कुमार, सहायक जिला अभियोजन अधिकारी तहसील नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ के द्वारा जिला अभियोजन अधिकारी के मार्गदर्शन में की गई।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के शुभारंभ के साथ हुआ पुस्तकों का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतामऊ

मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के नवीन सत्र का शुभारंभ जनपद पंचायत सीतामऊ सभागृह में मुख्यअतिथि विधायक हरदीपसिंह डंक, जनभागीदारी समिति के विधायक प्रतिनिधि अंकित पटवा, नगर पंचायत सीतामऊ के सभापति विवेक सोनगरा की उपस्थिति में किया गया। सुवासरा विधानसभा के विधायक हरदीपसिंह डंक ने कहा की मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं को धरातल पर उतरने में मुख्य भूमिका निभाने होगी। युवाओं को इस पाठ्यक्रम के माध्यम से आमजन में स्वच्छता, पर्यावरण, नशा मुक्ति जैसे विषयों को लेकर जागरूक करना होगा। गांव- गांव में आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, पेंशन,राशन जैसे छोटे विषय को लेकर काम कर आमजन को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाये। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि अंकित पटवा ने कहा की युवाओं को सामाजिक कार्यों में सहभागिता करनी चाहिए। नगर पंचायत सभापति विवेक सोनगरा ने कहा की मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के माध्यम से जुड़कर ही समाज के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

सोसाइटी प्रबंधक ने पंचनामा बनाकर गेहूं फेंकने की बात कही

बारिश में भीगा सरकारी गेहूं नाले में फेंका, सुल्तानिया का वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

क्षेत्र के ग्राम सुल्तानिया में सरकारी गेहूं के खराब होने और उसे नाले में फेंके जाने का मामला सामने आया है। गेहूं को नाले में फेंके जाने का वीडियो इन दिनों कई सोशल मीडिया ग्रुपों में वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद सरकारी खाद्यान्न के रख रखाव और जिम्मेदारी को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि यह गेहूं गरीबों एवं जरूरतमंदों को वितरण के लिए रखा गया था। वायरल वीडियो में ट्रैक्टर-ट्रॉली में गेहूं की बोरियां और गेहूं भरा हुआ दिखाई दे रहा है। कुछ लोग गेहूं को ट्रॉली से निकालते नजर आ रहे हैं। वीडियो के आधार पर दावा किया जा रहा है कि बारिश में भीगकर खराब हुए गेहूं को नाले में फेंका गया।

10 क्विंटल गेहूं हुआ पानी में खराब, जिम्मेदारी पर उठे सवाल

मामले में सुल्तानिया सोसायटी के प्रबंधक भागीरथ नागर से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि विगत सप्ताह हुई बारिश के दौरान



सोसायटी परिसर में करीब तीन फीट तक पानी भर गया था। पानी भरने के कारण सोसायटी में रखा लगभग 10 क्विंटल गेहूं भीगकर खराब हो गया। प्रबंधक के अनुसार यह गेहूं स्व-सहायता समूह को वितरण किया जाना था। हालांकि, इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल सरकारी खाद्यान्न के रखरखाव को लेकर उठ रहा है। यदि सोसायटी परिसर में बारिश का पानी भरने की आशंका थी तो खाद्यान्न को पहले से सुरक्षित स्थान पर क्यों नहीं रखा गया? बारिश के मौसम में गेहूं को नमी और पानी से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था क्यों नहीं की गई? करीब 10 क्विंटल गेहूं खराब होने से सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ है, ऐसे में इसकी जिम्मेदारी किसकी है, यह जांच का विषय है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी गेहूं जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए होता है। ऐसे में उसके खराब होने और नाले में फेंके जाने की घटना की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न हो।

इनका कहना है...

गेहूं खराब होने की जानकारी सरपंच को दी गई थी। इसके बाद पंचनामा तैयार कराकर खराब गेहूं को फेंक दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को भी दे दी गई थी।

-भागीरथ नागर
प्रबंधक सुल्तानिया सोसाइटी।

बायपास-सैदाबाग जोड़ पर आयशर और दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत, एक की मौत-तीन गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नेशनल हाईवे के सारंगपुर बायपास स्थित सैदाबाग जोड़ पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां आयशर वाहन ने दो मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उपचार के दौरान एक घायल की मौत हो गई, जबकि तीन घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार सारंगपुर से सैदाबाग जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क बायपास को क्रॉस करते हुए आगे जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थान पर सड़क का आवागमन बायपास मुख्य मार्ग से काफी दूर होने तथा यातायात व्यवस्था स्पष्ट नहीं होने के कारण आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी



रहती है। पूर्व में भी यहां कई हादसे हो चुके हैं या दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। शनिवार को इसी स्थान पर दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों को आयशर वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में विजेंद्र सिंह पिता उमराव सिंह, अर्जुन पिता भगवानदास, मांगीलाल पिता राधेलाल निवासी सैदाबाग तथा देवनारायण पिता चैनसिंह निवासी ब्यावरामंडु घायल हुए। सभी घायलों को उपचार के लिए सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद तीन घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें शाजापुर रेफर किया गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गंभीर रूप से घायल वीरेंद्र सिंह पिता उमराव सिंह की इंदौर ले जाते समय मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों और ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बायपास और सैदाबाग मार्ग के इस जोड़ पर लगातार दुर्घटनाओं के बावजूद संबंधित विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि दुर्घटना संभावित क्षेत्र का निरीक्षण कर संकेतक, स्पीड ब्रेकर, पर्याप्त रोशनी और अन्य आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके। अब सवाल यह है कि आखिर संबंधित विभाग इस दुर्घटना संभावित स्थान की कब सुध लेगा? क्या किसी और हादसे के बाद ही यहां सुरक्षा इंतजाम किए जाएंगे?

क्षेत्र के प्रसिद्ध इतिहासकार हैं डॉ प्रद्युम्न भट्ट, नई किताब जय श्री तक्षकेश्वर...

वाग्देवी संस्कृति परिषद के तत्वावधान में पुस्तक का विमोचन





हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा

नगर की प्रतिष्ठित संस्था वाग्देवी संस्कृति परिषद के तत्वावधान में आशीष स्मृति हाई स्कूल के सभागार में नगर के ख्यात इतिहास विद डॉ प्रद्युम्न भट्ट की नवीन कृति जय श्री तक्षकेश्वर का विमोचन मालवा लोक साहित्य के मर्मज्ञ लोक मनीषी डॉ पूरन सहगल मनासा द्वारा सम्पन्न हुआ। आयोजन के प्रमुख अतिथि के रूप मे बोलते हुए डॉ सहगल ने कहा कि भानपुरा अंचल अपने पूरा वैभव के लिए विश्व स्तर पर चर्चा में आया है तक्षकेश्वर धाम लोक आस्था का महातीर्थ है। इसका इतिहास पुरातत्त्व और धार्मिक महत्त्व बहुत अधिक है नाग राज तक्षक की कथा से यह जुड़ा है इस तीर्थ में श्रद्धालुओं के लिए आधार भूत सुविधाएं नहीं है, उन्हें शासन द्वारा प्राथमिकता से जुटाना चाहिए यह समय की मांग है। कार्यक्रम का आरम्भ शारदा की तस्वीर पर माल्यार्पण से शुरू हुआ शारदा वंदना राकेश शर्मा झालावाड़ द्वारा प्रस्तुत की गयी। अध्यक्षता करते हुए लक्ष्मीनारायण टेलर ने भानपुरा की साहित्यकार दीर्घा का स्मरण किया जिसमें मन्नु भण्डारी, जगद्गुरु शंकाराचार्य को याद किया विशेष अतिथि डॉ अजय बघेरवाल, प्रो अनिल बघेरवाल, लेखिका रजनी असोदकर, डॉ तृप्ति नामदेव ने विचार रखे, गणपत छरावा और राकेश शर्मा ने काव्य पाठ किया। श्याम टेलर की कविता ने खूब सराहना पायी। इस अवसर पर नगर के इस आयोजन में फार्मेसी कॉलेज के प्रो अजय बघेरवाल का उन्हें फार्मेसी शोध पत्र पी - एच. डी. उपाधि प्राप्त होने पर परिषद द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन में साहित्य प्रेमी विशेष कर घनश्याम मेहर अध्यक्ष पेंशनर समाज, रमाकांत उपाध्याय, मोहन लाल मरमट कैलाश तिवारी सूर्य प्रकाश मेहर, सुनील हंसरास,, कैलाश वैद्य, डॉ राजेंद्र दुबे, डॉ फूलसिंह वर्मा बद्रीलाल दुबे, आशा पर्नेरकर इंदौर से आयी चारु भट्ट सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम टेलर और राकेश शर्मा ने किया।

भगवान पशुपतिनाथ मनोकामना अभिषेक के 25वें दिवस 124 अभिषेकार्थियों ने लिया भाग





हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर परिसर में आयोजित मनोकामना अभिषेक के 25वें दिवस राजपूत समाज के 60 जोड़ों सहित कुल 124 अभिषेकार्थियों ने श्रद्धापूर्वक अभिषेक में भाग लिया। इस अवसर पर अभिषेकार्थियों ने अपने मनोभाव व्यक्त करते हुए कहा कि समूह में एक साथ बैठकर भगवान पशुपतिनाथ का अभिषेक करने से उन्हें अत्यंत आनंद, शांति और आध्यात्मिक अनुभूति प्राप्त हुई। पूज्य आचार्य पं. विष्णु ज्ञानी ने बटुकों के साथ विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं से भगवान पशुपतिनाथ का अभिषेक कराया। अभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं ने देश में सुख-शांति, समृद्धि, परस्पर प्रेम एवं सद्भाव की कामना की। साथ ही भगवान इंद्रदेव से पर्याप्त एवं समय पर वर्षा होने की प्रार्थना भी की गई।

27 अगस्त को होगा समापन

श्री पशुपतिनाथ प्रबंध समिति की ओर से आयोजित यह मनोकामना अभिषेक 27 अगस्त को संपन्न होगा। समिति ने शिव भक्तों से शेष चार दिनों में अधिक से अधिक संख्या में अभिषेक में शामिल होकर भगवान पशुपतिनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया है। अभिषेक श्री पशुपतिनाथ आराधना भवन में प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से प्रारंभ होकर 10.30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। समिति ने श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने की अपील की है।

जन अभियान परिषद द्वारा बीएसडब्ल्यू-एमएसडब्ल्यू सत्रारंभ पर पुस्तक वितरण व वृक्षारोपण

अभियान के तहत पौधरोपण एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत जनपद पंचायत सभाकक्ष मंदसौर में बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू कक्षाओं का सत्रारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष बसंत शर्मा ने की। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीवन शर्मा, जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी, विकासखंड समन्वयक अर्चना भट्ट उपस्थित रहे।



इस अवसर पर नवागत विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री (पुस्तक) का वितरण किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण एवं नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले परामर्शदाताओं का सम्मान अतिथियों द्वारा किया गया तथा पूर्व छात्रों द्वारा कक्षा के अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक नारायणसिंह निनामा ने मप्र जनअभियान परिषद की योजनाओं एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के बारे में जानकारी दी।

परामर्शदाता हरिओम गंधर्व ने कहा की मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम का मुख्य कार्य ही समाज के बीच जाकर शासन की योजनाओं का प्रचार- प्रसार करना है। साथ ही समाज के बीच में से नेतृत्वकर्ता को निखारना है। कार्यक्रम का संचालन रजनीश शर्मा द्वारा किया गया। अंत में आभार परामर्शदाता हेमंत गौड द्वारा माना गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। सभी विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरित की गई। इस अवसर पर परामर्शदाता सत्यनारायण, चरणसिंह, नवांकूर संस्थाओं के प्रतिनिधि दिलीप भटनागर, टीना सोनी, कैलाश गुर्जर, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे।

एक पेड़ मां के नाम और एक पेड़ गौमाता के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया



नाहरगढ़। पर्यावरण संरक्षण और गौसेवा के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक पेड़ मां के नाम एवं एक पेड़ गौमाता के नाम के अंतर्गत रविवार को दूधेश्वर गुरु कमल गौशाला नाहरगढ़ में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान 251 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता को लापसी एवं हरी घास खिलाकर किया गया। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, नागरिकों, पत्रकारों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण व जननेता एवं सरपंच प्रतिनिधि पदम सिंह चौहान सहित अनेक नगर के गणमान्य नागरिक, नारी शक्ति, समाजसेवी, पत्रकार, प्रातः कालीन प्रभातफेरी समिति ,भूतपूर्व सैनिक संगठन ,गौशाला समिति के सदस्य एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पौधारोपण करने वाले सभी लोगों ने संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल, सिंचाई एवं सुरक्षा करेंगे, ताकि ये पौधे भविष्य में वृक्ष बनकर पर्यावरण को समृद्ध करें और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करें। इस अवसर पर गौशाला समिति द्वारा सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम ने पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा और सामाजिक सहभागिता का प्रेरणादायी संदेश दिया। उपस्थित लोगों ने एक पेड़ माँ के नाम एवं एक पेड़ गौमाता के नाम अभियान को जन-जन तक पहुँचाने तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।